# फर्रुखाबाद में होगी अत्याधुनिक कृषि-प्रसंस्करण यूनिट, सोम ग्रुप करेगा 570 करोड़ का निवेश

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊः** सोम ग्रुप आफ कंपनीज की सहायक कंपनी वुडपेकर ग्रीन एग्री न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड फर्रुखाबाद के खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में 570 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। कंपनी द्वारा 40 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक कृषि-प्रसंस्करण परियोजना स्थापित की जाएगी। इसमें इथेनाल, स्टार्च, ग्लूटेन, डिस्टिलरी उत्पादों के साथ पेय पदार्थ, कार्बोनेटेड वाटर व मवेशी चारा जैसे सह-उत्पादों के उत्पादन की सुविधाएं होंगी। परियोजना से रोजगार के 1300 अवसर भी पैदा होंगे।

शुक्रवार को उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कंपनी को भूमि आवंटन किया गया। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के सचिव एवं इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने लोकभवन में सोम ग्रुप के सीईओ दीपक अरोड़ा, सीएफओ सतीश भंसाली के साथ बैठक में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न सेक्टरों में निवेश आकर्षित करने के लिए 30 से अधिक नीतियां घोषित की गई हैं। ईज आफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश लगातार 'टाप अचीवर्स' की श्रेणी में है। उन्होंने कहा कि अधिकतम छह सप्ताह के भीतर कंपनी को लेटर आफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी कर दिया जाएगा। यह इकाई स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी और कंपनी द्वारा कच्चे माल की खरीद से किसानों को प्रयत्क्ष लाभ होगा। दीपक अरोड़ा ने कहा कि आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त होने के बाद उक्त संयंत्र 15 से 18 माह के भीतर अपना वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ कर देगा। प्रतिदिन लगभग 300-400 टन अनाज और 600 टन आलू का प्रसंस्करण किया जाएगा। इकाई प्रत्यक्ष रूप से लगभग 350 लोगों को रोजगार प्रदान करेगी, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से लगभग एक हजार व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी।



अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के सचिव एवं इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश के साथ ओएमयू करते सोम ग्रुप के सीईओ सतीश भंसाली ● सौ. स्वयं

- **वुडपेकर ग्रीन एग्री न्यूट्रिएंट्स स्थापित करेगी कृषि-प्रसंस्करण परियोजना**
- **खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होगा कारखाना, 1300 लोगों को मिलेगा रोजगार**